Mahendra's **Daily Current Affairs: 28.11.2021**

1-Prime Minister Narendra Modi laid the foundation stone of the Noida International Airport (NIA) in Jewar, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेवर, गौतम बुद्ध नगर, उत्तरप्रदेश में नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) की आधारशिला रखी।

2-Atal Innovation Mission, a flagship initiative of Niti Aayog has announced a collaboration with Vigyan Prasar to drive synergies between AIM's Atal Tinkering Labs and Vigyan Prasar's unique interactivity platform, Engage With Science.

नीति आयोग के प्रमुख कार्यक्रम अटल नवाचार मिशन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्तशासी संगठन विज्ञान प्रसार के साथ सहयोग की घोषणा की है।

3-Union Minister for Finance & Corporate Affairs Nirmala Sitharaman inaugurated works pertaining to Health, Education, Urban infrastructure and disaster management (amounting to Rs 130.49 crore) during her visit to the UT of Jammu and Kashmir.

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी बुनियादी ढांचे और आपदा प्रबंधन से संबंधित लगभग 130.49 करोड़ रुपये की राशि के कार्यों का उद्घाटन किया।

4-The Income Tax Department's new Office-cum-Residential complex, 'The Chinars', at Srinagar, Jammu & Kashmir, was inaugurated by Union Finance & Corporate Affairs Minister Smt. Nirmala Sitharaman.

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग के श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर स्थित नए कार्यालय एवं सह आवासीय परिसर 'द चिनार्स' का उद्घाटन किया।

5-In yet another remarkable feat which has showcased the world Prasar Bharati's excellence in quality content creation, TV and Radio shows produced by Doordarshan and All India Radio respectively got multiple awards at the recently held ABU - UNESCO Peace Media Awards 2021 at Kuala Lumpur in Malaysia.

गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम निर्माण में प्रसार भारती की उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले एक और उल्लेखनीय उपलब्धि में, दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा निर्मित क्रमशः टीवी और रेडियो शो को मलेशिया के कुआलालंपुर में हाल ही में आयोजित एबीयू- यूनेस्को पीस मीडिया अवार्ड्स 2021 में कई पुरस्कार मिले।

6-Union Minister for Labour and Employment, Bhupender Yadav flagged off the first ever All All India Survey on Domestic workers being conducted by Labour Bureau, Chandigarh.

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने श्रम ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा घरेलू कामगारों पर किए जा रहे पहले अखिल भारतीय सर्वेक्षण की शुरुआत की।

7-Union Minister Dr.Jitendra Singh launched India's first Virtual Science Lab for children under CSIR Jigyasa programme, which will also connect students with scientists across the country.

केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए भारत की पहली वर्चुअल साइंस लैब का शुभारंभ किया, जो छात्रों को पूरे देश के वैज्ञानिकों के साथ भी जोड़ेगी।

8-The YS Jagan Mohan Reddy government has withdrawn the Decentralisation and Inclusive Development of all Regions Act, passed last year, that was intended to establish three capitals for the state.

वाई एस जगनमोहन रेड्डी सरकार ने पिछले वर्ष पारित सभी क्षेत्रों का विकेंद्रीकरण और समावेशी विकास अधिनियम वापस ले लिया है, इसका उद्देश्य आंध्र प्रदेश की तीन राजधानियां बनाना था।

9-Madhya Pradesh chief minister Shivraj Singh Chouhan announced that the Patalpani railway station in Indore will be renamed after Tantya Bhil, also known as the "Indian Robin Hood".

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि इंदौर में पातालपानी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर टंट्या भील के नाम पर रखा जाएगा, जिन्हें "इंडियन रॉबिन हुड" भी कहा जाता है।

10-The country's GDP growth is likely to be around 8.1 per cent in the second quarter of the current financial year and in the range of 9.3-9.6 per cent during fiscal 2022, according to an SBI research report.

एसबीआई की शोध रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में देश की जीडीपी की वृद्धि दर **8.1** प्रतिशत रहने और वित्त वर्ष **2022** के दौरान इसके **9.3-9.6** प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है।